JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर—302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/09/410—**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 26.09.2024

स्वच्छता ही सेवा—2024 अभियान के तहत जयपुर मेट्रो डिपो में श्रमदान शिविर का हुआ आयोजन।

जयपुर 26 सितम्बर। जयपुर मेट्रो में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" थीम पर जयपुर मेट्रो में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत् मानसरोवर मेट्रो डिपो के बाहरी हिस्से में कर्मचारियों, अधिकारियों एवं समस्त स्टॉफ द्वारा श्रमदान किया गया। इस श्रमदान शिविर के दौरान श्रम सेवकों द्वारा मेट्रो डिपो के मुख्य गेट के आसपास अनावश्यक कांटेदार झाड़ियों, कीचड़, मिट्टी, गंदगी, कचरा एवं नालों की साफ—सफाई की गयी।

इस अवसर पर जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने संदेश दिया कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य न केवल देश को स्वच्छ बनाना है, बल्कि सभी नागरिकों के भीतर स्वच्छता को एक आदत के रूप में स्थापित करना है।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो